THE INSTITUTE OF
Company Secretaries of India
भारतीय कम्पनी सचिव संस्थान
IN PURSUIT OF PROFESSIONAL EXCELLENCE
Statutory body under an Act of Parliament
(Under the jurisdiction of Ministry of Corporate Affairs)

प्रेस विज्ञप्ति

ब्यूरो के प्रमुख 15 जनवरी, 2021

ICSI ने उदयपुर में प्रैक्टिसिंग कंपनी सचिवों के 21 वें राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया

आईसीएसआई द्वारा 21,21,21 का यह संयोग देश को डिजिटल करने में क्रांतिकारी कदम : मंत्री मेघवाल

उदयपुर। भारतीय कंपनी सचिव संस्थान की ओर से प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरीज का 21वां 2 दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन उदयपुर के इंदर रेजिडेंसी होटल में शुक्रवार से शुरू हुआ।

संसदीय मामलों और भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम, सरकार के राज्य मंत्री **श्री अर्जुन राम मेघवाल** ने इस राष्ट्रीय सेमिनार का वर्चुअल संबोधन से शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि हम 21वीं सदी में चल रहे हैं, और 2021 वर्ष में आइसीएसआई की 21 वी राष्ट्रीय सेमिनार भारत की तकनीक में नए आयामों को स्थापित करेगी। कोरोना काल में आईसीएसआई द्वारा डिजिटली रूप में किये गए कार्यो को लेकर भी मंत्री मेघवाल ने इसे सरकार के लिए एक बड़ा डिजिटल सहयोग बताया। कम्पनी सेक्रेटरीज ने कोरोना काल मे भी डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन ओर अपनी कार्यकुशलता से प्रोफेशनल फील्ड में कई संभावनाओं के रास्ते खोले है। मंत्री मेघवाल ने कोरोना महामारी में आईसीएसआई के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अपने डिजिटल माध्यमो के जरिये आईसीएसआई ने देश हित मे क्रांतिकारी बदलाव किए है।

आईसीएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष **श्री आशीष गर्ग** ने कहा कि यह अधिवेशन अचिविंग एक्सिलेंस थ्रू डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की थीम पर आधारित है। गर्ग ने बताया कि कोरोना काल मैं डिजिटल

ट्रांसफॉरमेशन की जरूरत बढ़ी है, कई कार्य जैसे बोर्ड मीटिंग, जनरल मीटिंग,, एनसीएलटी में सुनवाई सभी ऑनलाइन माध्यम से होने लगा है। ऐसे में मेंबर्स को बेहतर तरीके से सिखाने, अच्छे सॉफ्टवेयर का उपयोग, ऑनलाइन मीटिंग, ई- वोटिंग ड्राफ्रिंग, फॉर्म फाइलिंग को डिजिटल ट्रांसफॉरमेशन के माध्यम से एक्सीलेंस को अचीव करने पर विभिन्न सत्र आयोजित होंगे।

अधिवेशन के दौरान **श्री** मेघवाल **जी** की उपस्थिति में आईसीएसआई एकेडमिक सहयोग को लेकर आईआईएम बोधगया के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर भी किये गए।

प्रीति कौशिक बनर्जी
निदेशक
कॉर्पोरेट संचार और अंतर्राष्ट्रीय मामले
दूरभाष: 011-4534 1022
ई-मेल: preeti.banerjee@icsi.edu